# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2023 के अवसर पर आज संस्थान प्रांगण में योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की शुरुआत कार्यक्रम के समन्वयक, डॉ. अजय कुमार साह द्वारा योग का महत्व एवं वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर योग की बढ़ती लोकप्रियता पर उद्बोधन से हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. आर विश्वनाथन ने अपने उद्बोधन में बताया कि योग स्वस्थ शरीर एवं मन के लिए बहुत ही लाभदायक है साथ ही यह आज विश्व भर में एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन चुका है। विश्व के अधिकांश देशों में योग अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करने में कामयाब हुआ है। योगाभ्यास सत्र में योग प्रशिक्षक द्वारा लगभग 15 योगासनों का सजीव अभ्यास कराया गया। संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, प्रशासनिक, तकनीकी एवं अन्य वर्ग के कर्मचारियों ने भी सहभाग किया।





